STATE OF NORTH CAROLINA
BOARD OF REVIEW

IN THE MATTER OF: उच्च प्राधिकरण निर्णय संख्या

ध्यान दें:

दावेदार नियोक्ता

N.C.Gen.Stat. §96-15(e) के अनुसार, यह अभियोग बोर्ड ऑफ़ रिव्यु ("बोर्ड") के समक्ष ________________**की अपील पर**, North Carolina वाणिज्य विभाग, रोजगार सुरक्षा डिवीजन ("डिवीजन") के अपील सेक्शन द्वारा अपील डॉकेट संख्या ________ के तहत अपील रेफरी (नाम) के निर्णय में क्या स्वीकृत किया गया है, इस पर विचार करने के लिए आया है|

दावेदार की अपील के रूप में स्वीकार किए गए दस्तावेज़ में, ऐसा प्रतीत होता है कि दावा करने के लिए अपील रेफरी के समक्ष योग्यता और/या अपात्रता के मुद्दों के संबंध में अपील रेफरी के निर्णय के साथ दावेदार कोई भी असहमति व्यक्त नहीं करता है। आगे यह प्रतीत होता है कि दावेदार ने अधिक भुगतान के या अतिदेय निर्धारण के नोटिस के साथ कोई असहमति व्यक्त नहीं की है जो दावेदार को डिवीजन के लाभ समग्रता/ लाभ भुगतान नियंत्रण अनुभाग ("बीपीसी") द्वारा भेजा गया था। बीपीसी ने दावेदार को नोटिस दिया कि दावेदार को लाभों का अधिक भुगतान प्राप्त हुआ है, जो अनुभाग पुन: संसाधित करना चाहता है। अन्य जानकारियों के अतिरिक्त, अतिदेय भुगतान का या अतिदेय निर्धारण के नोटिस में अतिदेय भुगतान के प्रकार, वह अवधि जिसके दौरान अधिक भुगतान किया गया था, और लाभों के अधिक भुगतान की राशि, को सूचीबद्ध किया गया है जो डिवीजन का दावा है कि दावेदार ने प्राप्त किया है।

यह बोर्ड के समक्ष दस्तावेज से प्रतीत होता है कि दावेदार शायद ही उन कारणों को अभिव्यक्त करता है कि क्यों डिवीजन को वैधानिक आवश्यकता को माफ़ कर देना चाहिए कि दावेदार को बेरोजगारी बीमा के अधिक भुगतान की राशि चुकानी चाहिए जिसके लिए वह हकदार नहीं था| यह प्रतीत होता है कि दावेदार अपील निर्णय, अतिदेय भुगतान की सूचना या अतिदेय निर्धारण को चुनौती नहीं दे रहा है, बल्कि केवल लाभों के अतिदेय भुगतान के पुनर्भुगतान की छूट मांग रहा है। N.C. Gen. Stat. § 96-4(w) के अनुसार, लाभ के अतिरिक्त भुगतान की वापसी की माफ़ी का अधिकार डिवीजन के पास होता है और न कि बोर्ड के पास|

<u>कानून का ज्ञापन</u>:

30 जून, 2013 को या उसके बाद दर्ज दावों के लिए, दावेदार किसी भी प्रशासनिक या न्यायिक निर्णय से प्राप्त लाभों के पुनर्भुगतान के अधीन हैं जो बाद में अपील पर वापस कर दिया जाता है। N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(2)| लाभ के अधिक भुगतान के लिए डिवीजन की पुनर्भुगतान की आवश्यकता से पहले, उसे दावेदार को निर्धारण का नोटिस देना होगा कि अधिक भुगतान किया गया है| N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(3)b;04 N.C. Admin. Code 24B .0601| डिवीजन किसी भी समय अधिक भुगतान का नोटिस प्रदान कर सकता है। डिवीजन को दावेदार को एक प्रशासनिक सुनवाई के लिए एक उचित मौका देना चाहिए, यह निर्धारित करने के लिए कि क्या दावेदार को लाभ में अधिक भुगतान किया गया था| N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(3)b.



प्रशासनिक प्रक्रिया के निष्कर्ष निकाले जाने के बाद यदि डिवीजन निर्धारित करता है कि, दावेदार को अधिक लाभ भुगतान किया गया था, और अधिक भुगतान का अंतिम निर्धारण या निर्णय कर दिया गया है, तो डिवीज़न दावेदार को अधिक भुगतान की भरपाई करने के लिए एक बिल मेल करेगा। N.C. Gen. Stat. § 96-18(g); 04 N.C. Admin.Code 24B .0602

हालांकि, समुचित कारण की जाँच के बाद, N.C. Gen.Stat. § 96-18(g)(2)c. N.C. Gen. Stat. § 96-4(w) के तहत होने वाले किसी भी गैर-धोखाधड़ी के अतिरिक्त भुगतान को डिवीजन पूरी तरह या आंशिक रूप से माफ कर सकता है। उचित कारण कानूनी तौर पर वह पर्याप्त कारण होता है, जो उचित तत्परता से कानून द्वारा आवश्यक कार्य करते समय विफलता के कानूनी कारण के रूप में होता है See04 N.C. Admin. Code 24A .0105(26). रोजगार सुरक्षा कानून यह प्रदान करता है कि डिवीजन को अधिक भुगतान को माफ करने के ऐसे किसी भी अनुरोध या याचिका पर विचार नहीं करना चाहिए जो एक धोखाधड़ी से हो। N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(2)(c); 04 N.C. Admin. Code 24B .0702. इसके अतिरिक्त, डिवीजन लाभ के अधिक भुगतान को माफ करने के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा, जब तक कि मामले में पात्रता या योग्यता के मुद्दे का निर्णय अंतिम नहीं हो जाता है। एक निर्णय अंतिम हो जाता है जब (1) कोई अपील नहीं हुई है, (2) समय पर कोई अपील नहीं हुई है, या (3) अपील के अधिकार समाप्त हो गए हैं।

<u>कानून के निष्कर्ष</u> :

रिकॉर्ड से प्रतीत होता है कि दावेदार डिवीजन से प्राप्त लाभों के अधिक भुगतान के की छूट मांग रहा है। डिवीजन के बकाए किसी भी अधिक भुगतान की पुनर्भुगतान को छोड़ने का बोर्ड का कोई अधिकार नहीं है। इसके बजाय, डिवीजन के सहायक सचिव ने बीपीसी को अतिदेय भुगतान के छूट के लिए अनुरोध या याचिकाओं को हल करने के लिए अनन्य अधिकार दिया है। बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि अपील रेफरी के निर्णय से असंतुष्ट किसी पार्टी ने N.C. Gen. Stat. § 96-15(c) द्वारा आवश्यक अपील नहीं कि है। बोर्ड ने अंतिम रूप से यह तय किया कि दावेदार को लाभों का अधिक भुगतान प्राप्त हुआ है, बीपीसी के इस निर्णय से असंतुष्ट किसी भी पक्ष ने N.C. Gen. Stat. § 96-18(g)(3)b द्वारा आवश्यक अपील नहीं की हैं। तदनुसार, डिवीज़न के अपील अनुभाग द्वारा गलती से स्वीकार की गई अपील को खारिज कर दिया जाना चाहिए।

लाभ के अधिक भुगतान के पुनर्भुगतान के लिए छूट का अनुरोध करने के लिए, दावेदार अधिक भुगतान की सूचना या अधिक भुगतान के निर्धारण के साथ प्रदान किए गए निर्देशों के अनुसार बीपीसी को अधिक

भुगतान की छूट देने के लिए एक लिखित अनुरोध दर्ज कर सकता है। लिखित अनुरोध सभी साक्ष्य और दस्तावेजों के साथ होना चाहिए, जिसपर दावेदार चाहता है कि डिवीजन छूट के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए विचार करे| 04 N.C. Admin.Code 24B .0701.

जो डिवीजन के अपील सेक्शन द्वारा दावेदार की अपील के रूप में गलती से स्वीकार कर दिया गया था वह **ख़ारिज** कर दिया गया है|

डॉक्ट संख्या _______ के तहत अपील रेफरी का निर्णय **अंतिम** है|

दावेदार को बेरोजगारी बीमा लाभ का अधिक भुगतान प्राप्त होने का सहायक सचिव के प्रतिनिधि का निरधारण **अंतिम** है।

यह आदेश दिया जाता है कि दावेदार द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज को योग्य प्रसंस्करण के लिए लाभ के अधिक भुगतान के छूट के अनुरोध के तौर पर बीपीसी को भेज दिया जाएगा|

बोडर ऑफ़ रिवयु के सदसय Susan Doeऔर John Doe इस अपील में सहभागी हुए और इस निणरय से सहमत हैं|

**महत्तवपूणर – निमनलिखित पृ ठ देखें**



यह है

बोर्ड ऑफ़ रिव्यु

___________________________________

चेयरमैन

**सभी इच्छुक पक्षों के लिए सूचना**

04 N.C. एडमिन. कोड 24A .0105(32) में परिभाषित एक कानूनी प्रतिनिधि, (एक नियोक्ता के बेरोजगारी बीमा प्रशासक के रूप में सेवा करने वाली थर्ड-पार्टी कंपनी से व्यक्तियों सहित) एक लाइसेंस प्राप्त अटॉर्नी होना चाहिए, या N.C. Gen. Stat. अध्याय 84 और § 96-17(b) के तहत लाइसेंस प्राप्त अटॉर्नी द्वारा निरीक्षित व्यक्ति होना चाहिए| अटॉर्नी पर्यवेक्षण की सूचनाएँ और/या प्रमाणीकरण लिखित में 04 N.C. एडमिन. कोड 24C .0504 के अनुसार होनी चाहिए| **न्यायिक कार्यवाही में कानूनी प्रतिनिधित्व को N.C. Gen. Stat. अध्याय. 84 का पालन करना चाहिए|**

04 N.C. एडमिन. कोड 24C .0504 के अनुसार, जब किसी पक्ष का एक कानूनी प्रतिनिधि होता है, पक्ष को भेजे जानेवाले सभी आवश्यक दस्तावेज या जानकारी केवल कानूनी प्रतिनिधि को भेजे जाएँगे| पक्ष के कानूनी प्रतिनिधि को प्रदान की गई कोई भी जानकारी उसी महत्त्व और प्रभाव के रूप में होगी जैसे कि उसे सीधे पक्ष में भेज दिया गया हो।

अपील दायर करने की तारीख:

निर्णय मेल करने की तारीख: